प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.12.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल होने वाले रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इधर जोधपुर में भी सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मेले में 200 चयनित उम्मीदवारों को बीएसएफ, सीआरपीएफ, रेल्वे और डाक विभाग सहित अन्य नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इससे पहले कल श्री शेखावत ने चित्तौडगढ में चल रहे मीरा महोत्सव में शिरकत की। पत्रकारों से बातचीत में श्री शेखावत ने कहा कि देशभर में वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा होनी चाहिए।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जैसलमेर में तनोट माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। श्रीमती सीतारमन ने बीएसएफ की हथियार प्रदर्शनी भी देखी। इस मौके पर उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से बातचीत कर उनकी हौसला अफजाई की। इससे पहले वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कल हुई जीएसटी परिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कई वस्तुओं पर कर की दरें कम करने या छूट देने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के प्रशिक्षण भागीदारों को भी जीएसटी से रियायत देने का निर्णय लिया गया है। लेकिन यह फैसला अधिसूचना जारी होने के बाद लागू होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों ने एयर टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी के दायरे में लाने का विरोध किया है, इसलिए इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। मंत्री समूह स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर कम करने पर आगे काम करेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में विजय रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड का आयोजन 1971 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध की जीत की याद में किया गया। दौड में पहले तीन स्थान पर रहे विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

जयपुर गैस टैंकर हादसे में सवाईमानसिंह अस्पताल की ओर से हैल्थ बुलेटिन जारी किया गया है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी के अनुसार अभी बर्न यूनिट में 23 मरीजों का ईलाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस दर्दनाक हादसे में 14 लोगों की मृत्यु हो गई थी। पूर्व आईएएस अधिकारी करणी सिंह राठौड का निधन भी इस अग्निकांड में हो गया था। डीएनए जांच के बाद उनका शव परिजनों सौंप दिया गया है। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने आज अस्पताल में भर्ती घायलों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर ईलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जयपुर कलेक्टर जितेन्द्र सोनी भी घायलों की स्थिति का जायजा लेने अस्पताल पंहुचे। अग्निकांड के पीडितों की सहायता के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्पताल में 24 घंटे का कैम्प लगाया गया है।

सवाईमाधोपुर और जैसलमेर सहित कई स्थानों पर आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें आपसी राजीनामे से विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। सवाईमाधोपुर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। जिले में दस बैंचों के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरण निपटाये जायेंगे। हनुमानगढ में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि देश संस्कृति और मूल्यों से जुड़ विचार होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना का प्रसार किया जाना चाहिये। श्री बागडे जयपुर में आयोजित कार्यक्रम नवोत्कर्ष

विक्रम संवत 2081" को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसका प्रभावी रूप से क्रियान्वयन होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन भरतपुर, और कोटा संभाग में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। कई जगह बादल छाये रह सकते है। वहीं बीते 24 घंटों में तीन शहरों फतेहपुर माउंटआबू और हनुमानगढ के संगरिया में पारा 5 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। कई स्थानों पर घने कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अजमेर, वनस्थली, अलवर, जयपुर, पिलानी, सीकर, धौलपुर, बारां, डूंगरपुर, सिरोही, करौली, पाली, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर और नागौर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। हालांकि सर्द हवाओं का असर बना रहा।